# कार्यालय, जनपद न्यायालय, सम्भल स्थित चन्दौसी।
## (प्रशासनिक अनुभाग)

**दिनांकः 26.08.2025**

## कार्यालय विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के परिपत्र संख्या– 14/Admin- (D) Section, दिनांकित 15.10.2022 के माध्यम से पूर्व में निर्गत परिपत्र संख्या– 41/ Admin-(D) Section, दिनांकित 14.04.1980 के अनुक्रम में जनपद न्यायालयों से सेवानिवृत्त कर्मचारियों में से निम्नांकित प्रतिबंधों के अधीन पुनर्नियुक्ति हेतु आमंत्रित किये गये आवेदन पत्र की अंतिम तिथि दिनांक 06.09.2025 सायं 04:30 बजे तक निंधारित की जाती हैं–

**1. उक्त सेवानिवृत्त जिला न्यायालय के कर्मचारियों की आयु 65 वर्ष से कम हो।**

**2. एतदद्वारा पुनर्नियुक्ति किसी रिक्त पद पर एक बार में एक वर्ष तक के लिए की जा सकेगी, अथवा जब तक कि वास्तविक रिक्ति को भरने के लिए, पदोन्नति या सीधी भर्ती के माध्यम से, रिक्ति पूर्तित न हो जाये, अथवा पुनर्नियुक्त कर्मचारी 65 वर्ष की आयु प्राप्त न कर ले, जो भी पहले होगा।**

**3. उक्त पुनर्नियुक्त पद पद परिलब्धियों के रूप में भुगतान की गई राशि अंतिम आहरित वेतन के मूलधन में से पेंशन की राशि को घटाकर होगी।**

**4. उक्त पुनर्नियुक्ति का निर्धरण आवेदक/सेवानिवृत्त कर्मचारी के भूतकाल के सेवा अभिलेखों एवं वार्षिक गोपनीय प्रविष्टियों के आधार पर किया जायेगा।**

आवेदक अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 06.09.2025 की सायं 04:30 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप इस विज्ञप्ति के साथ संलग्न है साथ हीं प्रशासनिक कार्यलय, जनपद न्यायालय, सम्भल स्थित चन्दौसी से दिनांक 06.09.2025 तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यावधि के दौरान प्राप्त कर सकते है।

**तृतीय श्रेणी :–**

| जनपद न्यायालय, सम्भल स्थित चन्दौसी | | |
|---|---|---|
| **S/N** | **Category Post** | **Vacancies** |
| 1 | Senior Assistant | 47 |
| 2 | Junior Assistant | 10 |
| 3 | Stenographer Grade-I | 01 |
| 4 | Stenographer Grade-II | 01 |
| 5 | Stenographer Grade-III | 01 |

| परिवार न्यायालय, सम्भल स्थित चन्दौसी | | |
|---|---|---|
| **S/N** | **Category Post** | **Vacancies** |
| 1 | Reader | 01 |
| 2 | Suit Clerk/ Bharan Poshan Clerk | 02 |
| 3 | Stenographer Grade-I | 01 |

**चतुर्थ श्रेणी :–**

| जनपद न्यायालय, सम्भल स्थित चन्दौसी | | |
|---|---|---|
| **S/N** | **Category Post** | **Vacancies** |
| 1 | Class-IV | 43 |

| परिवार न्यायालय, सम्भल स्थित चन्दौसी | | |
|---|---|---|
| **S/N** | **Category Post** | **Vacancies** |
| 1 | Class IV | 02 |

उक्त कार्यालय विज्ञप्ति समस्त न्यायालयों कर्मचारियों के मध्य परिचालित करायी जाये। सार्वजनिक प्रकाशन हेतु न्यायालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये एवं माननीय उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाईट पर भी अपलोड करायी जाये।

एक प्रति जिला सूचना अधिकारी, सम्भल को समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित की जाये।

Aarti Fauzdar
26.8.25

**अध्यक्ष,**
**चयन समिति,**
**जनपद न्यायालय,**
**सम्भल स्थित चन्दौसी।**

# आवेदन का प्रारूप

1. आवेदित पद का नाम–.................................................

2. नाम– ..........................................................................

3. पिता का नाम–.....................................................................

4. निवास का स्थायी पता–

5. मोबाइल नं0–..................................................

6. ई–मेल आईडी–..................................................

7. शैक्षिक योग्यता–

| कमांक | परीक्षा का नाम | वर्ष | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

8. अंतिम धारित पद का नाम (जिस पद से सेवा निवृत हुए हैं)–

9. सेवा–निवृत्ति की तिथि–                    माह–                    वर्ष–

10. अंतिम धारित पद पर आहरित अंतिम वेतन–
(अंतिम वेतन प्रमाण–पत्र और अंतिम पेंशन प्रमाण पत्र संलग्न करें)

11. पिछले पांच साल के ए0सी0आर0 की सेल्फ अटेस्ट फोटोकापी–
(केवल उन कर्मचारियों के लिये जो सम्भल के अलावा अन्य जिला न्यायालय से हैं)

12. जनपद न्यायालय का नाम व पूरा पता (जहां से सेवा निवृत्त हुए है)–

## घोषणा

एतद्द्वारा मैं ................................ पुत्र/पुत्री .......................................
निवासी– ............................................................ प्रमाणित करता हूँ की आवेदन में अंकित विवरण मेरे निजी ज्ञान में सही हैं, मेरे द्वारा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूँ तथा कार्य करने में सक्षम हूँ। मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक मुकदमा लम्बित एवं पंजीकृत नहीं है। यदि भविष्य में मेरे द्वारा भरी गयी सूचनायें असत्य पायी जाती है तो उस स्थित में मेरा आवेदन/नियुक्ति को बिना किसी सूचना/नोटिस के निरस्त करते हुए नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही किये जाने में मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

स्थान–

दिनांक–                                                            आवेदक के पूर्ण एवं पठनीय हस्ताक्षर